तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

13 शिक्षा जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य का...




14 बेलर में रथयात्रा की ऐतिहासिक तैयारियां पूरी...







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA DCA
B.P.Ed. B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

**आवश्यकता है**

आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम) में

| पद | पोस्ट |
|---|---|
| पर्सनल असिस्टेंट | 01 |
| नर्सिंग इंचार्ज (03 वर्ष अनुभवी) | 05 |
| नर्सिंग स्टॉफ (Anm,Gnm,Bsc Nursing,Mpw) | 15 |
| वार्ड बॉय/वार्ड गर्ल | 10 |
| रिसेप्शनिस्ट | 05 |
| PRO स्टॉफ | 05 |

नोट:- अनुभवी अभ्यर्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।
आयुष्मान हॉस्पिटल साईं मंदिर कुर्रा
जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति देवें।
9109154282, 9228134031

# राशन दुकानों में उमड़ी भीड़, एकमुश्त तीन माह का चावल मिलने से गरीबों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नगर के राशन दुकानों में लंबी-लंबी लाइन दिख रही है। नगर के राशन दुकानों में सुबह से देर रात तक चावल का वितरण किया जा रहा है। फिर भी हितग्राहियों की लाइन समाप्त नहीं हो रही है। राशन दुकान के संचालको से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बायोमेट्रिक मशीन से प्रत्येक हितग्राही को 3 माह के राशन के लिए 6 बार फिंगर प्रिंट देना होता है।

सर्वर की गति धीमी होने के कारण या सर्वर ठप्प हो जाने से प्रत्येक हितग्राही को बायोमेट्रिक थंब में 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। कई बार तो सर्वर घंटों डाउन रहता है। मालूम हो कि शासन द्वारा माह जून में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हितग्राहियों को तीन माह का चावल माह जून में एकमुश्त प्रदान किया जा रहा है। इसलिए हितग्राहियो द्वारा 3 माह का चावल लेने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में भारी भीड़ लग रही है।

## हितग्राहियों की मांग- वितरण की समय सीमा बढ़ाकर जुलाई तक की जाए

### एकमुश्त 3 माह का चावल जून के बाद मिलेगी की नहीं इस पर असमंजस!

शासन की योजना है कि माह जून में 3 माह का चावल वितरित किया जाना है। बारिश एवं सुदूर इलाकों में ट्रांसपोर्ट एवं वितरण की समस्या होने के कारण माह जून में जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एकमुश्त देना है। हितग्राहियों में असमंजस एवं डर है कि माह जून के बाद शायद चावल न मिले इसलिए भी तीनों माह का चावल लेने राशन दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। लोग अपना काम धाम छोड़कर सुबह से ही राशन दुकानों की लाइन में लग जाते है। एवं देर रात तक चावल न मिलने पर कई हितग्राहियों में निराशा देखी जा रही है। अब तक शासन द्वारा भी स्पष्ट नहीं है कि जून माह के बाद एकमुश्त 3 माह का चावल मिलेगा या नहीं?



### पीओस मशीन से बढ़ी समस्या

सरकार द्वारा तीन माह का एकमुश्त चावल देने की योजना तो बनी। किंतु लापरवाही एवं अव्यवस्था के कारण हितग्राहियो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि जून माह समाप्त होने में 4 दिन का समय शेष रह गया है। जिसमें 40 प्रतिशत हितग्राहियों को चावल वितरण किया जाना शेष है। नई पीओस लगने के बाद भी राशन दुकानों में वितरण की रफ्तार धीमी है। प्रतिदिन 30 से 40 राशनकार्डधारियों को ही चावल वितरित हो पा रहा है। इससे लंबी-लंबी कतार एवं अव्यवस्था फैल रही है। रविवार और छुट्टियों में भी दुकानें खोली गई, फिर भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में हितग्राहियों की मांग है कि चावल वितरण की समय सीमा बढ़ाकर माह जुलाई तक किया जाए। इस दौरान लाइन ▶▶ शेष पेज 12 पर

## मौसम : शाम की बूंदाबांदी से मिली राहत, दिनभर उमस ने किया बेहाल

# रिमझिम फुहारों से मौसम हुआ सुहाना किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

अंचल में सहित आसपास के इलाकों में बुधवार शाम को हल्की बारिश हुई। बुधवार को दिनभर तापमान और उमस ने जहां लोगों को परेशान कर रखा था,वहीं शाम के समय में राहत की बूंदें गिरने के बाद मौसम खुशनुमा हो गया।शाम को करीब 5 बजे बदल घिरने लगे और कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई फिर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ।बारिश के बाद तापमान गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

इससे पहले दिन में तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया। शाम घिरने के साथ ही गिरी राहत की बूंदों ने लोगों को सुकून का एहसास करवाया। मौसम विभाग ने 27 जून से राजधानी सहित प्रदेशभर में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस साल मानसून की हवा सामान्य गति से नहीं बढ़ रहीं हैं। इसलिए दक्षिण में बारिश के आसार कम हैं।वहीं एक सिस्टम गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बनने की संभावना है।

## 27 जून से अच्छी बारिश की संभावना



### काले बादलों को तांक रहा किसान

*वहीं ग्रामीण अंचल के किसानों को अच्छी बारिश का इन्तजार हैं। खेती किसानी का काम जोरों पर हैं, अधिकत्तर किसान लहिया मताकर धान की बोवाई करते हैं। लेकिन हल्की बारिश होने से न तो लहिया बन रहा है और नहीं खुर्रा बोवाई। वहीं ट्यूबवेल के साधन वाले किसान कहीं कहीं धान की रोपाई कार्य प्रारंभ कर चुके हैं।*

इससे मानसून रफ्तार पकड़ेगा और इसके बाद 27 जून से पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके अलावा मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 48 घंटे तक प्रदेश में कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# बरसात में बढ़ा सर्प और जहरीले जंतुओं का खतरा नगर में नहीं स्नेककैचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

- रिहायशी इलाकों में बढ़ रही है सर्प की आमद, लोग दहशत में
- सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रशिक्षित स्नेककैचर की जरूरत

प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ बौछारे अब पड़ने लगी है। ऐसे में बारिशकाल का सबसे बड़ा खतरा सर्प, बिच्छू एवं जहरीली जीव जंतु है। खेतों एवं खाली स्थानों में पानी भरने से जहरीले जीव जंतु अपने बिल से बाहर आ जाते है। नगर के बाहरी क्षेत्रों में खेतों पर मकान निर्माण किया जा रहा है। लिहाजा सर्प, बिच्छू बिल से बाहर निकलकर रिहायशी इलाकों, घरों एवं पाश कालोनियों तक चले आते है।

शहर में बरसात के मौसम में सांप, बिच्छू निकलना आम बात है। घरों एवं प्रतिष्ठानों में सर्प पकड़ने के लिए स्नेककैचर यहां उपलब्ध नहीं है। न ही कोई प्रशिक्षित व्यक्ति है। जिससे नगर के लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ता है। अधिकतर बार सर्प या जहरीले जंतु की सही



### सर्प दंश की दशा में तत्काल अस्पताल आएं: डॉ तेजेंद्र साहू

नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक तेजेंद्र साहू ने कहा कि सांप काटने पर सीधे अस्पताल आए। स्वास्थ्य केंद्र में एंटीवेनम की सुविधा उपलब्ध है। सांप या कोई भी जहरीली जीव के काटने पर घबराए नहीं। न ही रोगी को सोने दे। काटे गए स्थान पर कोई लेप न लगाएं। कोई भी देशी इलाज न करे। रोगी का मनोबल बढ़ाए। एवं तंत्र मंत्र के चक्कर में न पड़े। कोशिश करे कि काटे गए सर्प या जीव की पहचान कर लें जिससे उपचार में आसानी हो। न पहचानने की स्थिति में परिजन, सर्प या जहरीले जंतु का फोटो अवश्य खींच ले।

पहचान न होने के कारण उसे मार दिया जाता है। इतने बड़े शहर में स्नेककैचर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### लगानी जमीन पर नजायज जोताई की शिकायत दर्ज

**छुरा।** ग्राम सारागांव का कृषक बालमुकुंद मिश्रा, जिनकी लगानी भूमि ग्राम हिराबतर प ह नम्बर 31 में भी है, जिसमें से लगभग 1 एकड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जुताई कर दिया है, जिसकी जानकारी कमल पिता बलदेव सारागांव निवासी को हैं, कृषक बालमुकुंद मिश्रा ने थाना प्रभारी से शिकायत की है, और ग्राम हिराबतर की लगानी जमीन पे नजायज जोताई करने वाले के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### स्कूल से टुल्लू पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम कोना के स्कूल से टुल्लू पंप की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट करते हुए स्कूल के प्रधान पाठक मुकेश बैस ने पुलिस को बताया कि कोना स्कूल परिसर में गांव से नल कनेक्शन लगा है। जिसमें छत ऊपर टंकी में पानी ले जाने के लिए टुल्लू पंप खुले स्थान में लगा था। 17 जून को स्कूल खुलने पर टुल्लू पंप कीमत 6000 रुपए वहां नहीं था, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पंप को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया चांदनी निवासी भाठापारा तुमगांव ने बताया कि उसका पति रंजित मन्नाडे 24 जून को शाम करीबन 70 बजे उसके मायके भाठापारा तुमगांव में आया और मुझे बच्चे से मिलने नहीं देती हो कहकर गाली दे रहा था। उसी समय बीच बचाव करने आए उसके भाई ज्ञानेश्वर गहरवाल को तुम कौन होते हो, हम दोनों के बीच में पड़ने वाले कहकर डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** आईटीआई से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट की घटना के मामले में कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सागर सोनवानी वार्ड नंबर 24 कुम्हारपारा ने बताया कि 24 जून को दोपहर करीबन 3.30 बजे वह आईटीआई से घर वापस आ रहा था, रास्ते में सीताराम साहू के किराना दुकान के पास पहुंचा था, तभी रौनक उर्फ गबरू घसिया वहां पर खड़ा था, जिसने उसे देखकर गाली देते हुए तुम और तुम्हारी मां ने मेरे खिलाफ थाने में शिकायत की, तुम मुझे जानते नहीं हो मैं स्वीपर मोहल्ले का दादा हूं, आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहते हुए हाथ में रखे धारदार वस्तु से सिर में वार कर दिया।

# मैनपुर पुलिस ने 840 नशीली टैबलेट के साथ एक युवक को किया गया गिरफ्तार, गिरोह में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- नशीली टेबलेट खपाने की फिराक में आरोपी द्वारा ग्राहक का कर रहा था, इंतजार

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में नशीले सीरप और टैबलेट के साथ आज एक युवक को मैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है आरोपी के उपर कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा नशीली दवाइयां के विरुद्ध सख्त एवं कड़ी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था जिसके



परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया था, जो आज दिनांक 25 जून को जरिये मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति झरियाबाहरा तिराहा 130 सी मेनरोड के पास में अपने मोटर सायकल स्प्लेण्डर प्लस हीरो कंपनी का क्रं0 सीजी 23 एन 5056 काला रंग का अपने कब्जे में पीला रंग का शैला में अवैध रूप से नशीली दवाई टैबलेट रखकर के बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा था।

मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना के आधार पर थाने से हमारा स्टाफ रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताए गए पुलिया के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति का अपना पता पूछने पर अपना नाम ओमकार ऊर्फ रिंकु सोनवानी पिता लच्छींदर सोनवानी उम्र 32 साल साकिन गोलामाल देवभोग जिला गरियाबंद छग ने बताया संदेही ओमकार ऊर्फ रिंकु सोनवानी के कब्जे में रखे हुये पीला रंग के थैला के अंदर से अल्प्राजोलम टैबलेट्स आईपी 0.5 एमजी बेकाम 0.5 एमजी – एक स्ट्रीप में 75 नग एक टेबलेट वजन 09 एमजी, एक स्ट्रीप 120 एमजी कुल 50 स्ट्रीप कुल 750 नग टेबलेट का वजन 121एमजी. एमआरपी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# प्राथमिक शाला में शिक्षक की भारी कमी बालवाड़ी की व्यवस्थाओं पर भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शासन द्वारा शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व प्रदेश के सभी स्कूलों को एक शिक्षक की से मुक्त कर दो शिक्षक एवं युक्तिकरण के तहत समायोजन करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है ,किंतु नगर में संचालित संजय नगर स्कूल में जहां प्राथमिक शाला के साथ नई शिक्षा नीति के बालवाड़ी भी संचालित है वहां पांच कक्षाओं के लिए लगभग 14 बच्चे और एक शिक्षक है।

इससे पता चलता है कि नियम कायदा कानून की बड़ी-बड़ी बातें कर करने वाले अधिकारी विगत 15 दिन के मेहनत के बाद यहां पहुंचे हैं कि मुख्यालय के ही स्कूल सहित आसपास के अन्य के स्कूल भी एक




- शासन की योजना के बावजूद शिक्षक समायोजन में गंभीर अव्यवस्था, बच्चों का भविष्य प्रभावित होने की आशंका

शिक्षक की होने की लगातार खबरें आ रही है ,ज्ञात होगी जहां अधिक शिक्षक हैं उन्हें कम शिक्षकों के बीच समन्वय किया जाना था और शासन ने इसके लिए विगत माह से प्रयास भी किया किंतु अधिकारियों द्वारा किया गया कार्य धीरे-धीरे सामने आ रहा है जिससे पता चलता है कि कितने पारदर्शिता ▶▶ शेष पेज 12 पर

## 71 कमार बालिकाओं को एजुकेशनल किट वितरित, शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास

# स्कूल चलो अभियान के तहत कमार जनजाति की बालिकाओं को किया शिक्षण सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- अधिकारियों ने स्कूल नामांकन और शिक्षा पर दिया जोर

तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन में आज बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओं योजना के तहत आंगनबाड़ी से स्कूल में प्रवेश कर रही विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) बालिकाओं को एजुकेशनल किट जिसमें स्कूल बैग, कॉपी, स्केल, पेन, रबर, स्लेट, चाकबॉक्स, हेयर बैड, तेल, रूमाल, कंधी, दर्पण, टिफिन



बॉक्स, एवं बोतल वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मैनपुर अध्यक्ष मोहना नेताम, अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी नेताम, मैनपुर सरपंच हनीता नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थी। उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 71 छात्रओं को स्कूल बैग के साथ कीट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का मूल आधार है स्कूल चलो अभियान के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बालिकाओं को शैक्षणिक किट प्रदान करने का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और बालिकाओं को स्कूल जाने ▶▶ शेष पेज 12 पर

# राजिम-गरियाबंद मार्ग पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौके पर हुई मौत

- तेज रफ्तार और लापरवाह पार्किंग बनी मौत का कारण

**राजिम।** राजिम-गरियाबंद मार्ग पर बीती मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे जा घुसा। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान माना धनेली के खेमचंद पटेल उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है। बुधवार को पीएम के बाद परिजनो को लाश सौंप दिया गया। राजिम पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। बता दें कि राजिम से कुछ ही किलोमीटर दूर गरियाबंद मार्ग पर कुछ राइस मिले है जिसके चलते ट्रकें सड़क किनारे खड़ी रहती है। रात में सामने से आती वाहनो के चकाचौंध लाइट से कुछ



दिखता नही और ऐसी दुर्घटनाएं हो जाती है। यह पहली दुर्घटना नही है। कुछ वर्ष पहले पांडुका के राजा शर्मा और गोविंदा सिन्हा भी बाइक में जब अपने घर जा रहे थे तो चंद्रेश राइस मिल के पास बीच सड़क पर लापरवाही से खड़े किए गए ट्रक में ये दोनो युवा जा घुसे थे। मौके पर ही दोनो की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके अलावा भी कई दुर्घटनाएं लापरवाह ट्रक चालको के वजह से हो चुकी है। आए दिन दुर्घटना हो रही है। इस पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठ रही है।

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के 11 साल में बदली देश की तस्वीर



**मैनपुर।** भाजपा युवामोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमति नंदनी नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल में हिंदुस्तान की तस्वीर एवं गरीबों की तकदीर बदली है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है, 11 वर्ष पहले जिन संकल्पों के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनी थी, वे संकल्प सिद्धि तक पहुंच रही है। श्रीमति नंदनी नेताम ने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है यह मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की आर्थिक तरक्की है मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है।

### दिव्यांगो को ट्राईसिकल एवं श्रवण यंत्र का वितरण




**फिंगेश्वर।** 25 जून को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में जनपद अध्यक्ष श्रीमति इंद्राणी नेहरू साहू ने पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओ के तहत दो दिव्यांगो ट्राईसिकल एवं श्रवण यत्र का वितरण किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जनपद के सभापति डा दिलीप साहू, नंदू यादव, मंजू दिनेश साहू, मंजू कमलेश साहू, राधेश्याम साहू, नीतू चित्रसेन साहू की उपस्थिति में वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें जनपद के पंचायत इंसपेक्टर रेखराम साहू एवं विकासखंड से आये संरपंच, जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

### ग्रामीण पर चाकू से किया प्राण घातक हमला

**सरायपाली।** सिंघोडा थाना अंतर्गत ग्राम घेसपाली में दो लोगों के बीच वाद-विवाद पर एक व्यक्ति ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया।

**दिवस : मुख्य वक्ताओं ने आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर बड़ा प्रहार**

# कोपरा में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी, लोकतंत्र की अहमियत पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार था, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

- मिशा बंदियों का सम्मान, लोकतंत्र की रक्षा का संदेश

कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि आजादी के बाद देश ने जो सबसे कठिन समय देखा, वह आपातकाल था। उस समय की पीड़ा को जानना और समझना आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक है। खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि आपातकाल में जिन स्वतंत्रता सेनानियों और मिशा बंदियों ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई, उनका सम्मान करना हमारा दायित्व है। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमें लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को दोहराने की प्रेरणा देता है। जनभागीदारी और संविधान की रक्षा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है।






### जनजागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास

कार्यक्रम के संयोजक मुरलीधर सिन्हा ने भी विचार व्यक्त किए और आयोजन को जनजागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। आभार प्रदर्शन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू,संचालन हेमन वर्मा ने किया। इस अवसर पर मिशा बंदी रहे गिरीश दत्त उपासने, जिन्होंने आपातकाल के दौरान 21 माह की जेलयात्रा की, उन्होंने अपने भावुक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत जेल की सलाखों के बीच भी बनी रही, यही हमारी जीत है। मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी मिशा बंदी परिवारजनों का शाल और श्रीफल से सम्मान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिन्द्रानवागढ़ अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुनारायन तिवारी, सागर मयानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, भारतीय साहू, संतोषी श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, हीरामणि साहू, रेणुका साहू, दिलीप साहू, झाडूराम तारक, बसंत पटेल, कमलेश साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, दशरथ यादव सहित गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आपातकाल की 50वीं बरसी पर गरियाबंद में तिरंगा यात्रा, बच्चों ने सीखा लोकतंत्र का मूल्य



**गरियाबंद।** आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में एक विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें गरियाबंद विधायक रोहित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित सैकड़ों बच्चे और कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होकर तहसील रोड, बस स्टैंड और गौरव पथ होते हुए पुनः गांधी मैदान में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे गूंजते रहे। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीतों पर कदम मिलाए।

भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भी आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि यह देश के इतिहास का एक दुर्भाग्यपूर्ण अध्याय था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस आयोजन के माध्यम से न केवल आपातकाल के दिनों को याद किया गया, बल्कि आने वाली पीढ़ी को लोकतंत्र और संविधान के प्रति सजग और जागरूक बनाने का प्रयास भी किया गया।

**आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर धब्बा**

आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे काला धब्बा था। इसे याद करना इसलिए जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ी जान सके कि लोकतंत्र की कीमत क्या है। आज की तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमने बच्चों को यह संदेश देने का प्रयास किया कि देश का संविधान, स्वतंत्रता और अधिकार कितने महत्वपूर्ण हैं।

**- रोहित साहू,** विधायक

## हसदा में शाला प्रवेशोत्सव ...



नवापारा–राजिम। बुधवार को हसदा में शाला प्रवेश उत्सव गांव के तीनों प्राथमिक स्कूल के बच्चो को हाई स्कूल मैदान में एकत्र कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,सरपंच शशिप्रकाश साहू, लोकमनी कोशले, सविता–ताराचंद साहू, गंगाराम सेन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मौजूद थे। सभी अतिथियों ने बच्चो का तिलक किया और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

## चेरिया में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम न्यूज

नवापारा-राजिम। ग्राम चेरिया के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालकृष्ण शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच तृप्ति तिवारी, बल्ला तिवारी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पदमिनी ध्रुव, मीना सेन सहित पंच एवं सदस्य तथा पालक उपस्थित थे।




कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिक्षक बसंत दीवान द्वारा स्वागत भाषण सहविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आए हुए अतिथियों ने नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के विद्यार्थियों को चंदन का टीका लगा मुंह मीठा कराकर गणवेश, पुस्तक, पेन वितरण किया।

- बालकृष्ण शर्मा ने बच्चों को मोबाइल दुरुपयोग से किया आगाह
- सरपंच तृप्ति तिवारी ने नैतिक शिक्षा व अनुशासन पर दिया जोर

सरपंच तृप्ति तिवारी ने अपने उदबोधन में छात्रों को नैतिक एवं व्यावहारिक शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अनुशासित रहकर लगन से पढ़ाई करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि बालकृष्ण शर्मा द्वारा अपने उदबोधन में बच्चों को मोबाइल से हो रहे नुकसान तथा दुरुपयोग के बारे में बताया। पालकों को विशेष रूप से बच्चों द्वारा मोबाइल की लत को कम या धीरे-धीरे बंद कर पढ़ाई पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सरपंच तृप्ति तिवारी द्वारा अतिरिक्त पोषण अंतर्गत न्योता भोज में खीर,बिस्किट, मिठाई खिलाकर बच्चों का स्वागत किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान प्रधानपाठक नारद ध्रुव, शिक्षक लक्ष्मी ठाकुर, राधिका साहू, इंद्राणी चंद्राकर, रवि चंद्राकर सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

## कूर्मि समाज प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री टंकराम वर्मा से की सौजन्य भेंट



**कोपरा।** विगत दिनों अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में गरियाबंद पहुँचे छग के राजस्व, खेल व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा से कूर्मि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाक़ात की। उक्त मुलाक़ात राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू तथा भाजपा जिलाध्यक्ष व कूर्मि समाज के संरक्षक अनिल चंद्राकर के नेतृत्व में की गई।

इस दौरान कूर्मि समाज के पदाधिकारियों ने समाज की विभिन्न समस्याओं से मंत्री टंकराम वर्मा को अवगत कराया तथा गरियाबंद में निर्माणाधीन छग मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज के भवन निर्माण में हो रही देरी पर ध्यान आकर्षित कराया। इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगरपालिका गरियाबंद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जिस पर सीएमओ ने एक हफ्ते के भीतर कार्य पूर्ण करने की बात कही।

**ये रहे मौजूद-** इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, पोषण वर्मा तथा मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाब वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बरोण्डा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**श्यामनगर।** ग्राम पंचायत बरोण्डा में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भाजपा मंडल राजिम के आह्वान पर बूथ स्तर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों ने डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया।

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन

मंडल उपाध्यक्ष भारतलाल सिन्हा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एकात्म मानववाद के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक राष्ट्र, एक संविधान की भावना के लिए बलिदान दिया। डॉ. मुखर्जी द्वारा स्थापित जनसंघ आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र सेवा और जनकल्याण है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल और उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। भारतलाल सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्का मकान, मुफ्त राशन योजना और महिलाओं को लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी देकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। विशेष रूप से अनुच्छेद 370 हटाकर एक राष्ट्र, एक झंडा के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में मोदी सरकार के कार्यों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम समापन पर सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान का संकल्प लिया।



**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भारतलाल सिन्हा, ग्राम सरपंच धनश्याम निषाद, उपसरपंच वंदना साहू, बूथ अध्यक्ष छत्रपाल साहू, कार्यकर्ता हेमलाल चक्रधारी, डोमार ध्रुव, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गोविंदराम साहू, मुन्ना साहू, नंदनी साहू, योगेश्वरी साहू, गोमती बाई साहू, राजकुमारी चक्रधारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बेलाट नाला पर पुल निर्माण की मांग को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**मैनपुर।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग बेलाट नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रें एवं आम जनता के साथ कलेक्टर महोदय के नाम एसडीएम साहब को ज्ञापन सौंपा पूरे अंचलवासियों द्वारा बीते 25 वर्षो् से विषय पर बहुत से प्रयास हुए परन्तु शासन प्रशासन के उदासीन रवैए के कारण आज पर्यंत तक 36 गांव के हजारों लोगों को बारिश के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभाविप जिला संयोजक, छात्रनेता क्षितिजनारायण तिवारी ने कहा कि लगातार अनेक माध्यमों से बेलाट नाला में पुल निर्माण के सैकड़ों प्रयास हुए परन्तु क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया.बारिश के दिनों में छात्रें को कॉलेज, स्कूल आने से वंचित होना पड़ता है शिक्षा प्रभावित होती हैं। इतना बड़ा विषय लंबित पड़ा हुआ, बीते कई वर्षों काफी बार स्वीकृति मिली परन्तु आज पर्यंत तक इस दिशा में कोई विशेष पहल नहीं हुई है.अब हम अपने अधिकार के लिए खुद सड़क की लड़ाई लड़ेंगे ज्ञापन के माध्यम से हमने जानकारी दे दी है आने वाले समय में इस विषय पर किसी प्रकार का दोष कदम नहीं उठाया जाता तो विद्यार्थी परिषद इस आम जनता के साथ मिलकर एसडीएम कार्यालय का घेराव करेगी।

- 25 वर्षो से लंबित मांग पर अब छात्र संगठन ने दिखाई सक्रियता, निर्माण नहीं होने पर घेराव की चेतावनी
- छात्रों ने जताई नाराजगी, कहा – शिक्षा और जीवन दोनों संकट में



**ये रहे मौजूद-** अभाविप जिला संयोजक क्षितिजनारायण तिवारी, नगरमंत्री यशवंत यादव, नगरसहमंत्री योगेश निधि, तेजश बीसी, छात्रनेता विवेकानंद यादव, अभिषेक यादव, आकाश सोनी, चंदन सोनी, टिंकू सोनी, खगदेव नागेश, नेपाल सोनी, कुंज पटेल, विशेष शर्मा, चंदन शर्मा सहित अन्य छात्र एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

**20 लोगो ने थामा कांग्रेस का दामन**

## बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने गमछा पहनाकर किया स्वागत

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज अपने देवभोग प्रवास के दौरान कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए और इस दौरान 20 लोगो को गमछा पहना कर कांग्रेस प्रवेश करवाया है साथ ही कांग्रेस ने दावा किया है कि इसमे से कई लोग भाजपा के है जो आज कांग्रेस प्रवेश किये है इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी वि''ोश रूप से उपस्थित थे। विधायक जनक ध्रुव ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा आज 20 लोगो ने कांग्रेस प्रवेश किया है जिनका स्वागत किया गया है विधायक जनक ध्रुव ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी फेल हो चुकी है छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव सरकार पूरी तरह असफल है जनता त्रस्त हो गई है। आज विष्णुदेव सरकार जो भी वायदा जनता से किया था उसे पूरा नही कर पा रही है स्कूली बच्चो को पाठ्य पुस्तक अभी तक वितरण नही कर पायी है स्वास्थ्य सुविधा प्रदेश में बेहाल है कानून व्यवस्था चरमरा गई है। श्री ध्रुव ने कहा है की खेती किसानी का सीजन आ चुका है, लेकिन किसानों को अभी तक सुलभता से खाद नहीं मिल रही है भाजपा सरकार किसानों के लिए पर्याप्त मात्र मे खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है हालात यह है कि, डीएपी खाद नहीं होने पर विकल्प के तौर पर दे रहे एनपीके खाद भी सोसायटियों में उपलब्ध नही है डीएपी खाद के लिए किसानों को बहुत परेशान होना पड रहा है, जिसके कारण किसानों को खुले बाजार में महंगी कीमत में खाद खरीदनी पड़ रही है वहीं किसानों को सीमावर्ती जिलों में ओडिशा जाकर खाद खरीदने पर मजबूर होना पड़ा है। जनता भाजपा सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो गई है।



**ये रहे उपस्थित-** इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, ललिता यादव, अरूण सोनवानी, जयशंकर, रूपधर नागेश, नरेन्द्र नागेश, जगदीश, धीरेन्द्र, पवन बघेल, खिलावन कश्यप, भोजलाल मोंगरे, कुलेश्वर सोनवानी, जीवनलाल, विकास क''यप, रायसिंह नेताम, नामो बघेल व बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### पीओस मशीन से...

में खड़े कुछेक हितग्राहियो से चर्चा किया गया तो उनका साफ कहना था कि सरकार की यह योजना गरीबो के लिए वरदान से कम नही है। एकमुश्त तीन माह का चावल मिल रहा है यह बड़ी बात है। चाहे काम छोड़ना पड़े, चाहे लाइन में खड़ा होना पड़े इसका परवाह नही है। चावल ले जाएंगे फिर चैन की नींद सोएंगे।

### बरसात में बढ़ा सर्प...

या प्रशिक्षित व्यक्ति की नियुक्ति अवश्य होनी चाहिए। जिससे जीवों का संरक्षण होगा एवं लोगो को सुरक्षा भी रहेगी। बता दें कि यदि किसी के घर में रात में सर्प निकलता है तो उसे पकड़ने के लिए देवारपारा या तर्री से जानकार तुरंत पहुंचते है और वे सर्प को अपने काबू में करके ले जाते है। जानकार यह भी बताते है कि घोड़ा करायत जैसे पतला और चमकीले सर्प बहुत खतरनाक होता है जो दरवाजे के छोटे से गेप में ही अंदर प्रवेश कर जाते है। इसके लिए मिट्टी तेल या डीजल में कपड़े भिंगोकर गेट के पास लगाने से इसके दुर्गंध में प्रवेश नही कर पाते। वैसे आजकल हर दरवाजे के नीचे रेडिमेड पेकिंग भी कारपेंटरो या एल्युमीनियम सेक्शन वालो के यहां मिलता है जिसे लगाया जा सकता है।

### मैनपुर पुलिस ने...

–36.20, कुल किमती 1800रु 02. नाइट्रेजपम टैबलेट आईपी 10एमजी नाइट्रोसन 10 बी.नो 5395 एमएफजी, एक टेबलेट वजन 0.57 एमजी कुल 09 स्ट्रीप का वजन 64.51 एमजी कीमती 585 रु. 3. इम्पूल पेंटाजोसिन 06 नग लैक्टेज इंजेक्शन आईपी अलकन लैबोरेटरिक्स 1एमएल 30एमजी बी.नो 5912 एमएफजी 02/22एक्स्प 01/2025 वजन 15.6एमजी, एमआरपी 24.24 कुल किमती 145.44 पैसे 4. कोफ्यूरेक्स 100एमएल एमएफजी 04/2025 ऍक्स्प 03/2027 वजन 1.800एमजी एमआरपी 172रु, टेबलेट कुल जुमला वजन 185.65एमजी तथा आरोपी के द्वारा उपयोग में लाये हुये पुरानी इस्तेमाली रेडमी कंपनी का मोबाईल काला रंग का कीमती 8,000 रुपया व पुरानी मोटर सायकल किमती 30000 जूमला कीमती 44,702 रु. को गवाह के समक्ष विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी कृत्य अपराध धारा 22(ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को विधिवत समक्ष गवाहन के गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जा रही है।

**मैनपुर क्षेत्र के लोगो ने की थी थाना प्रभारी से शिकायत-** मैनपुर क्षेत्र में पिछले दो वर्षो के भीतर नशीले पदार्थ सीरप और टैबलेट के नशे के आदि के चलते युवा वर्ग खोखला होता जा रहा है कई युवा दिनभर इस नशीले पदार्थो के नशे में चुर रहते है जिसकी शिकायत स्थानीय नगरवासियो द्वारा समय –समय पर थाना में होने वाले बैठक के दौरान थाना प्रभारी से किया गया था और इस मामले में ठोस कार्यवाही की मांग भी की गई थी आज मैनपुर पुलिस द्वारा जब एक युवक को नशीले सीरप और टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया तो निं''चत रूप से पूरे गिरोह में हड़कंप मच गई होगी और इस युवक से पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर जल्द ही पूरे गिरोह का भाड़ाफोड़ होगा इस कार्यवाही से मैनपुर क्षेत्र के लोगो ने पुलिस की सराहना की है।

### प्राथमिक शाला में...

के साथ आखिर यह कार्य किया गया है ? संजय नगर प्राथमिक शाला संचालित है एवं नई शिक्षा नीति के साथ संलग्न बालवाड़ी भी संचालित है यहां पहुंचने पर एक मैडम ने बताया कि पांच कक्षा और 14 बच्चे हैं अभी कुछ बच्चों का एडमिशन और होने की संभावना है जो लगभग 20 होने की संभावना है। शिक्षा नीति के तहत चार पांच साल के बच्चों को बालवाड़ी योजना के तहत भी शिक्षा प्रदान किया जाना है और उन्होंने बताया कि यहां पर पदस्थ एक शिक्षक को विगत 2 साल से राजिम के आत्मानंद स्कूल में अटैच किया गया है जो स्थापना संजय नगर स्कूल में है और सेवाएं राजीम में दे रहा है इससे पता चलता है कि आखिर संलग्न कारण कब समाप्त होगा ?और शिक्षा की व्यवस्था आखिर कब सुधरेगा ? इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले ने कहा कि अभी भी कार्य चल रहा है, संजय नगर का शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा अटैच किया गया है ,अटेच शिक्षक को संजय नगर में वापस लाया जाएगा।

### स्कूल चलो अभियान...

के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की विद्यालय में शत–प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा यह अभियान न केवल बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने में मदद करता है, बल्कि यह समुदाय में शिक्षा के महत्व को भी बढ़ावा देता है कमार जनजाति, जो छत्तीसगढ़ में पाई जाती है, शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करती है इसलिए इस तरह की पहल उनके लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परियोजना अधिकारी पीआर ठाकुर, महिला सशक्तिकरण केन्द्र से जिला मिशन समन्वयक मनीषा वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ अर्चना सिंह, पर्यवेक्षक नीता अवधिया, कुमारी साहू, लीलावती सेन, पदमनी सिन्हा, दशमत भारती, कविता ठाकुर, पुष्पा ध्रुव, नाजिया हसन, भूमिश्वरी साहू, हेमिन निर्मलकर, रेखा यादव, मनीषा साहू, एवती कश्यप, बिलासो ध्रुव, रूखमणी साहू, पुष्पा सांडे, कमला यादव, पूर्णिमा शर्मा, लक्ष्मी कश्यप, दुलेश्वरी निषाद, योगेश्वरी नागेश, सरोज चतुर्वेदी, ललिता नेगी, सुनील पटेल, हेमलाल प्रधान सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## एडीआर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एडीआर भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि आशीर्वाद जन कल्याण सेवा समिति आशीर्वाद ब्लड सेंटर दुर्ग द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर रक्तदान शिविर लगाए जाने का अनुरोध किया है, जिस पर प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में 25 जून 2025 बुधवार को यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगणों सहित आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा स्वेच्छा से बढ चढ़कर रक्तदान शिविर में प्रतिभागी बने। कार्यक्रम में अधिवक्ता गौरव शर्मा का अभुतपूर्व योगदान रहा। प्राधिकरण द्वारा रक्तदान करने वाले को प्रशस्ति पत्र सहित उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया।

### मुरमुरा शासकीय विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

# शिक्षा जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन दिशाहीनः इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा मैं संकुल शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जहाँ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे इंद्रजीत महाडिक का भव्य स्वागत सत्कार हुआ सरस्वती वंदना के साथ विधिवत सरस्वती माता व भारत माता की छायाचित्र पर पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम को शुभारंभ हुआ जो नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं मिठाई खिलाकर पुस्तक वी ड्रेस भेंट किया जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक आई मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थ हीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल में जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है।

■ मुख्य अतिथि इंद्रजीत महाडिक ने दी शिक्षा विकास के लिए 10 हजार की सहयोग राशि

शिक्षा जीवन का आधार होती है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन मे अग्रसर होता है, सही गलत में अंतर कर सकते हैं। अगर बच्चों को उच्च एवं संस्कारित शिक्षा दी जाए तो बच्चा आगे चल कर अपने परिवार के साथ साथ देश एवं राष्ट्र हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह बात मंगलवार को ग्राम मुमुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल परिसर में साला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं और देश को विकास के रास्ते तक ले जा सकते है। इसलिए भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एनएसएस का पाठ जोड़ा गया है। छात्र अपने जीवन का विकास करें। आगे कहा कि एनएसएस में रहते हुए हम अनुशासन और समाज सेवा करना सीखते हैं। जीवन में सेवा से ही सर्वोच्च अधिकार मिलता है। जीवन में हमेशा अच्छे कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा करनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे संगठन अनुशासन की भावना का विकास करती है। वही इंद्रजीत ने स्कूल में शिक्षा के विकास व मिनी गार्डन बनाने के लिए दस हजार रूपये नगद राशि दी जिससे बच्चे के पढ़ाई में उपयोग किया जायेगा शाला विकास समिति और स्कूल स्टॉफ सहित उपस्थित ग्रामीणों व पालकों ने इंद्रजीत का श्री फल व गमछा भेंट क़र आभार व्यक्त किया. इस छन बच्चो व शिक्षकों के चेहरे में ख़ुशी झलक रही थी।






**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम के दौरान वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिलापंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, जनपद उपाध्यक्ष छुरा कुलेश्वर सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि रेखु साहू, सरपंच दीपक ध्रुव, सरपंच होमेश्वरी, सरपंच संतोष, उपसरपंच छबि भारती, पूर्व सरपंच दशोदा ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष कामता साहू, झरझरा मदिर अध्यक्ष ढालू साहू, समाजसेवक रोशन साहू, विक्की साहू, सुरेंद्र साहू, जनपद सदस्य गोदावरी साहू, माधो साहू, योगेश साहू, सहित छात्र छात्राएं और पलक गण मौजूद थे ।

## दीवना शाला में शिक्षा सत्र 2025-26 का हुआ आगाज



**पाण्डुका।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला दीवना मे आज नए शिक्षा सत्र 2025-26 के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, उप सरपंच नागेश तिवारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, ग्राम के पटैल अंजनी साहू, शाला विकास समिति के सदस्य, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच भूपेंद्र ध्रुव और उप सरपंच नागेश तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों में शिक्षाविद शामिल हुए। विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच और उप सरपंच ने सभी को शाला प्रवेश उत्सव और नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत तौरंगा के सरपंच भूपेंद्र ध्रुव उपसरपंच नागेश तिवारी, ग्राम पटेल अंजनी साहू, नारायण साहू, घनश्याम धनुर्धारी, प्रधान पाठक डीके मेहरा, पवनूराम ध्रुव, गौतम साहू, अमर सेन, और गोदावरी धनगर उपस्थिति थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गौतम साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधान पाठक डी के मेहरा ने किया इस कार्यक्रम का समापन खुशी और उमंग के वातावरण में हुआ।



## सेंट जॉन स्कूल में 'टाइनी टॉय' प्ले स्कूल का शुभारंभ

**छुरा।** सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल का शुभारंभ किया गया, जिसमें नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद द्वारा नये प्ले स्कूल टाइनी टॉय का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और नन्हे बच्चों के समग्र विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि सलीम मेमन अभिभावक समिति, नगर पंचायत सभापति भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल एवं रजनी लहरे, साथ ही साथ अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्ले स्कूल की सुंदर एवं सुरक्षित संरचना का उद्घाटन किया गया, जो छोटे बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक, सुरक्षित और संवादात्मक शिक्षण वातावरण प्रदान करेगी। यह संस्थान बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करेगा। स्कूल के निदेशक सेजू जैकब एवं प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जैकब ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया तथा प्रारंभिक बाल शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। टाइनी टॉय प्ले स्कूल के माध्यम से सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव देने के अपने संकल्प को और मजबूत करता है।

■ छुरा नगर में शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय, नन्हें बच्चों के समग्र विकास की दिशा में सार्थक पहल

## रजनकटा में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**पाण्डुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला रजनकटा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि तेजकुंवर कंडरा जी सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, अध्यक्षता आर. सी. ध्रुव प्रधानपाठक ने किया कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि शेषनारायण साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बी देवांगन जी संकुल प्राचार्य, इस कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन कर किया गया।

तत्पश्चात कक्षा पांचवीं के छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद कक्षा सातवीं के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा छठवीं के छात्राओं के द्वारा राज्य गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया।

अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर और गुलाल लगाकर पुस्तक व गणवेश दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चन्द्रहास साहू, एफ एल एन ने विषय विशेषज्ञ द्वारा भाषा ज्ञान पर अपना विचार रखे। डॉ हुकुम निषाद ने शिक्षा के - महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक बदलाव - संभव है। यह विद्यार्थियों के उज्ज्वल - भविष्य की नींव रखता है एवं बच्चों को समयबद्धता और अनुशासन का पालन करने की सलाह देते हुए उन्हें उत्कृष्ट छात्र बनने की प्रेरणा दिया। कक्षा आठवीं के छात्राओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया।







**न्योता भोज के बाद लगाया गया 1 पौधा मां के नाम-** विशिष्ट अतिथि बी देवांगन संकुल प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा ज्ञान की जननी, विज्ञान की जनक, बैंकिंग की स्तंभ और संस्कृति की रक्षक है। उन्होंने सभी माताओं से अपने बच्चों को कहानी सुनाने के लिए आग्रह किया। सभी छात्र-छात्राओं एवं समस्त अतिथियों को अभिभावक दिलीप साहू द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया गया। उनके द्वारा प्रतिवर्ष न्योता भोज दिया जाता है। कार्यक्रम के बीच में शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद का आगमन हुआ। सभी अतिथियों के साथ उनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मानिक साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन आर सी ध्रुव प्रधानपाठक के द्वारा किया गया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर पूर्व सरपंच किशन कंडरा, डॉ श्रवण साहू दिलीप साहू, गणेश राम साहू, रेखराम साहू, टामन साहू, नीलमणि यादव, संकुल प्राचार्य बी देवांगन सर जी संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा जी, प्रधानपाठक आर सी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, शिक्षक चेतन ध्रुव, शिक्षिका नगमा खान, गंगेश्वरी सिन्हा, गोदावरी साहू, शिक्षक मानिक साहू, ताम्रजध्वज, जिला कार्यालय समग्र शिक्षा से प्रतिनिधि चन्द्रहास साहू, टिकेश्वरी साहू सहित ग्राम पंचायत पंच खेमेश्वरी साहू, यमुना निर्मलकर, ओमेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, कुलवंतीन साहू, लीना साहू, मुक्ता साहू, गायत्री यादव, भुनेश्वरी निषाद, केजाबाई यादव, ऊषा साहू, लता साहू, भारती पटेल, नंदनी साहू, खगेश्वर निर्मलकर शाला विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला डिपरापारा में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**कोपरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डिपरापारा लोहरसी में बुधवार को सलाह प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सभी नवप्रवेशी बच्चों को चंदन बंधन लगाकर मिठाई खिलाकर गण में सुबह पुस्तक वितरण कर रोजाना स्कूल आने कहा गया इस दौरान गांव के अतिथियों द्वारा सरस्वती माता की छायाचित्र पर विधि बात पूजा अर्चना जो नवप्रवेशी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की बच्चे देश का भविष्य है जिसको शिक्षा की अति आवश्यक है शिक्षा के बिना मनुष्य दिशाहीन है बिना शिक्षा ग्रहण किया किसी कार्य को करना संभव नहीं है इसलिए सभी बच्चों को कड़ी मेहनत शिक्षा ग्रहण करना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य में देश और गांव का नाम रोशन कर इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच लोमस साहू, यशवंत साहू तुलेश सतनामी, सुखदेव पटेल, सुखनंदन पटेल, गहंदर सतनामी, प्रधान पाठक सालिक साहू, शिक्षक मनोज पटेल सहित छोटे बच्चे व महिलाये मौजूद रहे।

## फिंगेश्वर ब्लॉक के रोहिना प्राथमिक स्कूल में शिक्षक कमी से शिक्षा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

फिंगेश्वर ब्लॉक में शिक्षा विभाग की बड़ी मनमानी सामने आया है जहाँ ग्राम रोहिना के प्राथमिक शाला स्कूल शिक्षक की कमी से जूझ रहा है, जहाँ कुल 42 बच्चे और 2 शिक्षक है जिसके भरोसे मे बच्चों का पढ़ाई करा रहे है, इस स्कूल में शिक्षक की कमी के चलते अब तक 8 बच्चो ने अपना टीसी निकाल लिए है।

■ शिक्षा विभाग की मनमानी आखिर कब तक, बड़ा सवाल

पहले स्कूल में तीन शिक्षको की पोस्टिंग थी लेकिन संकुल समन्वयक और बीईओ ने शासन के नियमों के खिलाफ व्यवस्था में एक शिक्षिका दुर्गा साहू को कौंदकेरा के प्राथमिक स्कूल टेढ़ाहीपारा भेज दिया जो 1 साल से दुर्गा साहू यहां पढा रही थी हरिभूमि के पड़ताल के बाद टेढ़ाहीपारा स्कूल की प्रधान पाठक ने आनन-फानन में कार्य मुक्त किया है जिससे शिक्षा विभाग की मनमानी उजागर होता है।



**शिक्षा विभाग की चल रही मनमानी :**

**सरपंच** - सरपंच रूपेश साहू ने कहा कि शिक्षा विभाग की मनमानी चल रही है जिसके चलते कई स्कूलों के बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है हमारे ग्राम पंचायत रोहिणा के प्राथमिक शाला स्कूल में एक वर्ष पहले दो शिक्षक और एक शिक्षिका थी जो अब शिक्षा विभाग के मनमानी के चलते घटकर दो ही शिक्षक हो गए लगातार शिक्षा विभाग की मनमानी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## पटना में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं आमसभा का भव्य आयोजन बिहार की राजधानी पटना में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेशभर से साहू समाज के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महाराष्ट्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक प्रगति का सशक्त मंच है। उन्होंने सामाजिक एकता पर बल देते हुए आगामी जातिगत जनगणना पर जाति के कालम में तेली लिखने के लिए प्रदेश के समस्त अध्यक्षों को सामाजिक जनों के बीच जागरूक करने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समावेशिता, संगठन की रणनीतियाँ और राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का समापन एकता, समानता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ, जो समाज के लिए संवाद और दिशा दोनों का संकेत बना। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता,छग प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू,राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं कसडोल विधायक संदीप साहू, अरुण भाष्मे ,पूर्व सांसद संगम साहू,राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं डीन डॉ. नारायण साहू, पूर्व विधायक डा. सियाराम साहू, प्रीतम साहू, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता साहू, रामगोपाल साहू, प्रदेश कार्यकारी संयोजक विष्णु राम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू, स्वाति साहू सहित विभिन्न प्रदेश से आए साहू समाज के प्रदेश अध्यक्षगण, राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित समाज के वरिष्ठ जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तीन दिनों से मौसम में बदलाव रुक-रुक कर हो रही बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

मानसून आने के बाद क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से मौसम ने अपना मिजाज दिखा दिया है जहां बादल छाए हुए हैं धूप का नामोनिशान नहीं है और रोज सुबह शाम दोपहर हल्की बूंदाबांदी बारिश हो रही है जिससे गर्मी से तो राहत मिली है किंतु कई लोगों के कामकाज ठप हो गए हैं किसान चाह रहे हैं कि तेज बारिश हो तो कृषि कार्य शुरू करेंगे किन्तु रुक रुक कर हो रही बारिश क़ृषी कार्य के लिए पर्याप्त नहीं है रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को घर में कैद कर रखा है. अच्छी बारिश होने से किसान अपने जोताई धान बोवाई कार्य में लग जाएंगे।

## मवेशियों का चारगाह बना लोहरसी हाई स्कूल परिसर



**कोपरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी परिषर मवेशियों का चारगाह बना हुआ है जहां बड़ी संख्या में मवेशी हरे भरे पौधे को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिमेद्दार को होंस नही है स्कूल की सुरक्षा को लेकर अब बड़ा सवाल खड़ा होता है पर्यावरण दिवस पर बड़ी-बड़ी डिंगे हांकने वाले वृक्षारोपण करके चले जाते हैं जिसके बाद उसके संवर्धन के लिए मवेशियों को छोड़ गए है. अब बच्चो के जगह मवेशी को स्कूल में दाखिल करना होगा.

## खबर संक्षेप

### खरोरा में कल निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद**। हर साल की तरह इस बार भी ग्राम खरोरा के राममंदिर से 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से इस रथ यात्रा का आयोजन होते है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजते रहते है। समिति के सदस्य आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### उपकार भवन में जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि

**महासमुंद**। अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में संस्थान की आधारशिला रही मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यस्मृति दिवस मनाई गई। पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर मातेश्वरी को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम प्रशासनिक प्रमुख रही और संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें इस ईश्वरीय ज्ञान को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की ईश्वरीय कला हासिल था। मम्मा वहीं थी जिन्हें शास्त्रों में बुद्धि की देवी कहा जाता है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने मम्मा के नाम शिव पिता को भोग स्वीकार कराया, दीदी ने कहा सदा निर्भय और योगनिष्ठ सबको मातृप्रेम की भावना देने वाली, सहनशक्ति और सहनशीलता का साक्षात्कार अवतार थी मीठी मम्मा। शांती स्वभाव और मधुर वाणी से भरपूर नारी जागरण में नारी आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थी। सरस्वती का चैतन्य अवतार और नई देवी संस्कृति की ध्वजवाहक थी।

### स्व. नारायण पटनायक की स्मृति में शाला को भेंट की गई मध्यान्ह भोजन सामग्री

**पिथौरा (ग्रामीण)**। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में एनपी स्मृति फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए मध्यान्ह भोजन सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम स्व. नारायण पटनायक की 83वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। फाउंडेशन की संचालिका सत्यमंजरी पटनायक ने अपने दिवंगत पति की स्मृति में विद्यालय को लगभग 5000 रुपए की आवश्यक सामग्री भेंट की, जिसमें थाली, गिलास, बाल्टी, ड्रम, बर्तन रखने की जाली, कारपेट आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने स्कूल की रसोइयों को यह सामग्री सौंपते हुए स्व. नारायण पटनायक के सामाजिक योगदान को याद किया।

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**महासमुंद**। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल स्मृति दिवस (संविधान हत्या दिवस) के तहत छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला पंचायत परिसर में किया गया। इस अवसर पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी में आपातकाल कालखंड के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, जन आंदोलनों, सेंसरशिप, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता का पुनः स्मरण कराता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदैव सजग रहें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, डीएफओ मयंक पांडेय, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से उस कालखंड की घटनाओं को गंभीरता से देखा और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## रथयात्रा : 75 वर्षों की परंपरा: एक दैवीय प्रेरणा से हुई शुरुआत

# बेलर में रथयात्रा की ऐतिहासिक तैयारियां पूरी 27 जून को प्रभु जगन्नाथ करेंगे ग्राम भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बेलर रथ यात्रा की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। भगवान जगन्नाथ के लम्बे अंतराल बाद नवा रथ निर्माण कार्य रथ की आकर्षक रंगाई-पुताई हो चुकी है। इसके बाद रथ के गुंबज पर ध्वजारोहण चढ़ाया जायेगा। रथयात्रा सेवा समिति रथयात्रा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्राम वासी बेलर इस बार रथ यात्रा को ऐतिहासिक मनायेगी। रथ यात्रा के दौरान भक्तों को एक अलग अनुभूति होगी है।

इस पुनित अवसर 27 जुन को रथयात्रा दिवस में क्षेत्र के पूरोहित पं. त्रिभुवन मिश्रा के मुखारविंद के मंत्रोच्चारण और राजिम विधायक रोहित साहू की मुख्यातिथि में शुभारंभ होगीं। ग्राम विकास समिति बेलर अध्यक्ष खोमन साहू, विष्णु साहू, सरपंच सुमन लेखराम रात्रे ने कहा रथ बेहतरीन डिजाइन की झलक देखने को मिलेगी ,कुशल कारीगर कृष्णा ने इस रथ को अच्छा स्वरूप देने का भरसक प्रयास किया है। 27 जुन को इसी नवा रथ में प्रभु जगन्नाथ सवार होकर बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ ग्राम भ्रमण कर भक्तों को साक्षात प्रभु जगन्नाथ के दर्शन का पुण्य फल देकर मौसी घर पहूंचेगें।



### रथयात्रा में ये होंगे शामिल

इस वर्ष 27 जुन को रथयात्रा पर्व मनाया जायेगा। जिनके मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता सरपंच सुमन रात्रे विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष इन्द्राणीनेहरू साहू , नंदनी ओंकार साहू सभापति जिला पंचायत, पं. त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा भगवताचार्य, मंजूलता हरित भाजपा मंडल अध्यक्ष, चन्द्रशेखर साहू पूर्व जि.पं. सदस,टायल राम साहू जनपद सदस्य,उनपर साम्य फिगेंश्वर ,खोमन साहू अधक्ष ग्रामीण, हरिशंकर साहू उपसरपंच ,मेहतरूराम सिन्हा , तुलाराम साहू, वेनी राम सिन्हा लेखराम रात्रे (सरपंच प्रतिनिधि), विष्णु साहू, पुरन साहू,तेजराम साहू, इत्यादि शामिल होंगें।

### बेलर रथयात्रा का 75 साल से अनवरत

मान्यता है कि ग्राम बेलर रथयात्रा दर्शन इतिहास 75 साल से उपर है। इस पर पं. त्रिभुवन मिश्रा , बेनी प्रसाद सिन्हा ने कहा कि आजादी के पुर्व स्वर्गीय बालमुकुंद मिश्रा 75 वर्ष पूर्व रथयात्रा की शुरुआत कि उस वक्त महज कुर्सी में भगवान सवार कराकर ग्राम में दर्शन को ले जाते रहे,यह सिलसिला काफी समय तक चला। बताया गया कि बहूत पहले स्वर्गीय श्रीमती बिटावन यादव तीर्थ यात्रा गये और वापस आये तो एक ठाकुर जी की मुर्ति भी लाये थे। बताया एक दिन स्वप्न में भगवान ने रथ में सवार कर गांव में जग दर्शन को भ्रमण कराने को कहा,उक्त बातें उस वक्त का ग्राम बैगा पटेल प्रमुख स्वर्गीय गलाराम सिन्हा से कहीं,और रथ बनाने को पैसा दिया ,तब से अब तक क्षेत्र का एक मात्र ग्राम बेलर में रथयात्रा की शुरुआत हूई। बालमुकुंद मिश्रा की मृत्यु पश्चात उनके पुत्र स्वर्गीय पं भुषण प्रसाद मिश्र 50 वर्ष तक रथयात्रा का पुरोहित संचालन किया। भुषण प्रसाद के मृत्यु पश्चात वर्तमान में इसके पुत्र पं त्रिभुवन मिश्रा द्वारा 1994 से अनवरत रथयात्रा निकाली जा रही है।

## भगवान जगन्नाथ का रथ 27 को निकलेगी



**छुरा**। नगर के मानस मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 जून दिन शुक्रवार को रथयात्रा का पावन पर्व मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। रथयात्रा के दिन दोपहर 12 बजे शिवशक्ति महिला मंडल द्वारा भजन संकीर्तन, उसके पश्चात दोपहर 3 बजे से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, बलभद्र भैया का विधि विधान के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्रों, घंटा नाद, शंख नाद, मधुर मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया जायेगा। तत्पश्चात इस क्षेत्र का सबसे बड़ा विशाल, भव्य, दिव्य रथ भगवान का रथ में विराज होने के पश्चात राजा साहब यशपेंद्र शाह, ओंकार शाह एवं समिति के सदस्यों के द्वारा क्षेरा जाना पोहरा का रस्म निभाया जायेगा। जिसमें रथ के यात्रा के सामने झाड़ू बुहारी किया जाता है। इस वर्ष ओडिशा से नर्तक दल, एवं आरंग से भव्य सुंदर विशाल शिवजी की आकर्षक झांकी रहेगी। भक्तों द्वारा विशाल रथ को खींचते हुए शीतला मंदिर, बस स्टेंड, बजरंग चौक, शिव चौक, कोमाखान खान रोड, बड़े महल होते हुए मौसी के घर छोटे महल में विश्राम करेंगे। तैयारी में समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, समिति के उपाध्यक्ष यशपेंद्र शाह, कोषाध्यक्ष बिसेसर दिवान, बाला महराज, लखनलाल तिवारी, टंकेश्वर देवांगन, बजरंग पांडेय, शीतल ध्रुव, ओ पी द्विवेदी,यज्ञेश प्रसाद पांडेय, होमन सोनी, अशोक दीक्षित, नथमल शर्मा, संतराम निर्मलकर, मितेश दीक्षित, इन सबके मार्गदर्शन में गोपाल सोनी, निखिल साहू,नीरज नायक, मिथलेश सिन्हा, मनहरण पटेल, विमल पुरोहित, भोला पांडेय, हीरालाल साहू, दुर्गेश अर्पण सेन, विक्कू चंद्राकर, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर, कुश साहू, यश सिन्हा, ललित राठौर, शैलेन्द्र दीक्षित, नरेंद्र पटेल, विनोद देवांगन, यशवंत यादव, उज्ज्वल जैन, कुलेश्वर सिन्हा, मेषनंदन पांडे, सुभाष बैगा, जगत कंवर, प्रतीक शर्मा, मनीष शारडा, गज्जू साहू, आदर्श महिला मंडल, शिव शक्ति महिला मंडल, शिक्षक मानस परिवार, मनमानस समिति, बोलबम समिति एवं धर्मप्रेमी, युवा साथी व्यापारीगण, नगरवासी है।

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज ने एकता और स्वाभिमान का किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- छुरा में कलश यात्रा, माल्यार्पण व प्रेरणास्पद उद्बोधनों से गूंजा आयोजन स्थल
- शिक्षा और संस्कृति ही समाज का आधार : कुमार ओंकार

अखिल भारतीय आदिवासी परिषद के तत्वाधान में महारानी रानी दुर्गावती बलिदान दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया, जिसमें आदिवासी समाज के समस्त समाज का पूर्ण योगदान रहा, आदिवासी समाज एक वृहद समाज है, जो अपने पूर्वजों के बलिदान को सदैव याद करता है 24 जुन के बलिदान दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ पर कलश यात्रा कर नगर भर्मण किया, नगर के हदय स्थल रानी दुर्गावती चौक में महारानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, उक्त कार्यक्रम कुमार ओंकार शाह, यष्पेन्द्र शाह ज़ी के अध्यक्षता एवं आदिवासी समाज के अगुवाई में सम्पन हुआ, जिसमे कुमार ओकार शाह ज़ी ने आदिवासी समाज को एक रहने समाज की संस्कृति को संरक्षित करने शिक्षा में विशेष समाज को आगे रहने की बात कही।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के कार्यक्रम में जिला के जिलाधीश भगवान सिंग उइके मुख्य अतिथि के रूप में सम्लित हुएँ जिलाधीश ज़ी ने समाज में शिक्षा संस्कृति पारम्परिक व्यवसाय कृषि नारी शक्ति पे विशेष जोरदार देते हुए अपनी आवश्यकता के अनुरुप हमें क्रृषि करना चाहिए ,बच्चो के शिक्षा राजनीतक नेतृत्व में समाज अग्रसर हो ,,रानी दुर्गावती का जीवन आदिवासी समाज प्रेरणा और गौरवान्वित करता है। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सी ई ओ श्री मरकाम जी ने समाज इस तरह से सदैव एकत्रित रहे जिससे अधिकार सामाजिक एक रुपता समाज में बना रहे ,इस तरह के कार्यक्रम सदैव समाज का एकता का प्रतिक बनता है हमारे समाज के गोंडवाना का विशाल साम्राज्य रहा है जो अपनी गौरवशाली इतिहास को बताता है रानी दुर्गावती प्रजा के हित के लिए 40 वष के आयु में शहीद हो गई समाज के सुर वीर सदैव अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहे है।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य माहेश्वरी शाह ,लेखराज ध्रुवा ,केशरी ध्रुव, तोकेश्वरी माझी,लोकेन्द्र कोमर्रा ,उमेन्द्री कोर्राम उपस्थिति में समाज के सभी अपनी सहभागिता दिए जिसमे मंच संचालन यशवंत सोरी, जागेश्वर ध्रुव, पूरानिक नागेश दिलेश नेताम ने किया , समाज संरक्षक मानसिंग दीवान,अध्यक्ष,ओंकार शाह जी पूर्व विधायक बिन्द्रानवागढ़, रामेश्वर सोरी,भारत ध्रुव एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।

## प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में धूमधाम से मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

**छुरा**। वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास परिसर छुरा के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में सवप्रथम रानी दुर्गावती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया। समाजजनों की उपस्थिति में रानी दुर्गावती अमर रहे के जयघोष कर उनकी अदम्य साहस और शौर्य को नमन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंग ठाकुर ने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास की पृष्ठभूमि रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं की गौरवशाली शौर्य गाथाओं और पराक्रम से अंकित है। भारतभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। महान गोंड़वाना शासिका रानी दुर्गावती का यह सर्वोच्च बलिदान हम सभी को अनंतकाल तक गौरवभूषित करती रहेगी। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला सचिव शीतल ध्रुव ने कहा कि विशेष परंपरा और वेशभूषा भी हम आदिवासियों की पहचान होती है लेकिन प्रायःअब देखने को मिल रहा है हम अपनी वेशभूषा और परंपरा को भूलते जा रहे हैं इसे सहेजने की आवश्यकता है।

**ये रहे उपस्थित-** इस मौके पर प्रमुख रुप से नीलकंठ सिंग ठाकुर, शीतल ध्रुव, जगत कंवर, सपना कंसारी अधीक्षक, कुलेश्वर मरकाम अधीक्षक, जीएल कुंभकार अधीक्षक, कृष्ण कुमार साहू प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय छुरा, युवराज कंवर शिक्षक, डोमेश्वर ध्रुव सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज ने किया श्रद्धा-सुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

- ढोल-नगाड़ों व पारंपरिक नृत्य से हुआ अतिथियों का भव्य स्वागत
- बालिकाओं ने प्रस्तुत किया मनोहारी स्वागत नृत्य

मंगलवर को समीप पथ ग्राम मुड़तरई मे आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज गोड़वाना परिक्षेत्र पांच पाली मुड़तरई ने महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य अतिथि व यशवंत ध्रुव पांच पाली अध्यक्ष के अध्यक्षता व जनपद सदस्य हीरामणी साहू सरपंच बोधन यादव के उपस्थिति में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। महाडिक के स्वागत मे ढ़ोल नगाड़े नाच गाना और फटाके फोड़ का ससम्मान आदिवासी भवन मे लाया गया समाज के प्रमुखो ने सेवा जोहार कर आदिवासी रीति रिवाज के साथ पगड़ी गमछा बांधकर स्वागत किया।

तत्पश्चात आदिवासी बालिकाओं के द्वारा स्वागत में नित्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मनमोहा नित्य से खुश होकर अतिथियों ने बालिकाओं को उपहार राशि भेंट की तत्पश्चात स्वल्पहर ग्रहण इंद्रजीत ने अपने उधद्बोधन मे रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश की वो वीरांगना हैं, जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त किया। वह बहुत ही बहादुर और साहसी महिला थीं। आगे कहा कि रानी दुर्गावती का जन्म पांच अक्तूबर 1524 को प्रसिद्ध राजपूत चंदेल सम्राट कीरत राय के परिवार में हुआ। इनका जन्म चंदेल





राजवंश के कालिंजर किले में जोकि वर्तमान में बांदा उत्तर प्रदेश में स्थित है, में हुआ। भारत भूमि पर जन्म लेने वाली रानी दुर्गावती के साहस और वीरता की भी गाथाएं भरी पड़ी है. यह बात अलग है कि उन्हें इतिहास में वह स्थान और सम्मान नहीं मिला जो अन्य राजाओं और रानियों की वीरता को मिला है। महान वीरांगना रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने हाथों से अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनके बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है। जनपद सदस्य हीरमणी ने कहा कि गोड़वाना की रक्षा के लिये रानी दुर्गावती ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। रानी दुर्गावती की बीरता को सदैव स्मरण किये जाने की आवश्यकता है इस दौरान मन्नू ध्रुव बैसखु ध्रुव तोरण ध्रुव कलीराम ध्रुव छबिराम ध्रुव संत राम ध्रुव सुभाष ध्रुव, फूलसिंग ध्रुव टाकेश ध्रुव सहित युवा साथी व माता स्वरुप महिलाये मौजूद रही।

## मैनपुर में धूमधाम से मनाया गया रानी दुर्गावती बलिदान दिवस

**मैनपुर**। वीरांगना रानी दुर्गावती की शहादत को समर्पित बलिदान दिवस के अवसर पर मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में आदिवासी समाज द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेज बारिश में भारी उत्साह के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने भीगते हुए रैली निकाली और अपनी संस्कृति के प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम तहसील परिसर के पास आयोजित हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, नेतृत्व और आत्मबलिदान का प्रतीक है, जो हर युवा के लिए प्रेरणास्त्रेत है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने रानी दुर्गावती के युद्धकौशल का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने अंतिम समय तक संघर्ष किया और अपने प्राणों की





आहुति देकर इतिहास रच दिया। गांव के सरपंच हेमो नागेश, पंचायत प्रतिनिधि और आदिवासी समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी इस आयोजन में मौजूद रहे। बारिश के बीच भी निकाली गई रैली ने पूरे अमलीपदर गांव को आदिवासी सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। डीजे की धुन पर पूरे पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते लोगों ने यह साबित कर दिया कि प्रकृति की चुनौतियाँ भी उनकी सांस्कृतिक चेतना को नहीं डिगा सकतीं। रैली नवीन तहसील भवन से शुरू होकर पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए बाजार चौक पर पहुंची। वहीं, समापन समारोह के दौरान अस्थायी मंच से वक्ताओं ने समाज को रानी दुर्गावती के बलिदान से प्रेरणा लेने की बात कही।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, सरपंच हेमो नागेश, दुष्यंत धुर्वा, दयाराम मांझी, भागीरथी नागेश, थान सिंह सोम, धन सिंह कुंजन, धनसाय सोरी, पंकज माझी, डोमार मरकाम, यशवंत सोरी, डेकुरम ध्रुव, मनधर मरकाम, रुद्र नेताम, धन सिंह ध्रुव, सरस्वती नेताम, श्रुति धुर्वा, विजय मांझी, हलमन धुर्वा, क्षतो मरकाम, यशवंत मरकाम, रूपचं नेताम, चैनसिंह ध्रुव, सरस्वती नेताम, मनधर मरकाम, पुनित मरकाम, डोमु ध्रुव, कनक राम नागेश, द्रवीण नागेश, नरसिंह मांझी, देवा नागेश, तुलाराम मांझी, गोविंद नागेश, लालुराम नागेश, धरम मांझी, जबर नागेश, भुवन नागेश, भुवन मरकाम एवं समाज के प्रमुखगण सहित सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया आदिवासी वेशभुशा के साथ बच्चे व ग्रामीण शामिल हुए।

## मजदूरों की कमी से रोपा खेती में गिरावट

# किसान बदल रहे धान की खेती, बढ़ रही बोता पद्धति की ओर रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- खेती की लागत बढ़ी, मजदूरी बनी बड़ी चुनौती

अंचल के किसान अब रोपा पद्धति छोड़कर सीधे बोता पद्धति से धान की खेती कर रहे हैं। मजदूरों की कमी और समय पर काम न मिलने के कारण रोपा पद्धति में फसल की पैदावार प्रभावित हो रही है। किसान कहते हैं कि बोता पद्धति में समय और खर्च की बचत होती है, जिससे वे खेती को बेहतर ढंग से संचालित कर पाते हैं।



अधिक पैदावार के चक्कर में किसान रोपा पद्धति से किसानी करते हैं मगर समय पर मज़दूर नहीं मिलने से थरहा धान का पौधा बडा हो जाता है और उन्हें बाद में खेत में लगवाने से पैदावार कम होती है। इसलिए इस पद्धति से ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में किसान प्रकृति के भरोसे होने के कारण उन्हें समय में पानी और मजदूर नहीं मिला तो खेत में रोपा नहीं लग सकता। वहीं बुआई के धान के लिए किसान खरपतवार नियंत्रण के लिए निंदा नाशक दवाई का छिड़काव करते हैं और बियासी नहीं करने की स्थिति में किसान खेत में कोपर चला देते हैं। बोता खेती में किसान अपने मन मर्जी खेती करते हैं। किसानों ने बताया कि देसी जुगाड से खेती करने से समय और पैसा दोनों की बचत होती है, किसान केशु ध्रुव, ठाकुर राम चन्द्राकार, तेजराम साहू, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, प्रेम सिंह ठाकुर, जैयलाल यादव, राधेसेन, रवि चन्द्राकार, कुशल ध्रुव, गिरवर नागेश, कल्याण सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर आदि ने बताया कि खेती की लागत मज़दूरी और समय पर होने वाली किसानी पर निर्भर करती है।

### समर्थन मूल्य पर धान से खरीदी से किसानों को राहत

आज समर्थन मूल्य पर धान से खरीदी से किसानों को राहत है पर उसके साथ लागत भी बढ़ गई है गांवों में मजदूर नहीं मिलते, जिसके चलते अब खेती को रेघ पर देने का चलन होता जा रहा है। एक एकड़ जमीन पर बोआई 2000 रूपए नागर, 600 रूपए मजदूर, प्रमाणित बीज 30 किलो 1800 रूपए, 2500 रुपए खाद, बियासी 500 रुपए, मजदूर चलाई और निंदाई 3500 रूपए, दवाई छिड़काव 2500 रुपए धान की कटाई 3000 रूपए, उड़ाई 1500 रुपए, नियमित खेती किसानी करने वाले मजदूर 200 रुपए प्रति दिन चार माह का 24000 मजदूर की रोजी मजदूरी। इसी तरह करीब 50000 हजार रुपए लागत आ जाती है। किसान की लागत घट बढ़ सकती है क्योंकि वो पिक्स नहीं रहता मजदूरी की लागत और खेतों की स्थिति पर निर्भर करता है।

